तापमान

अधिकतम 40 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 19 अप्रैल 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



13 जनपद सीईओ की कार्रवाई से आदिवासी महिला सरपंच..





14 चर्च में गुड फ्राईडे पर हुई विशेष आराधना




### पुलिस की मुस्तैदी से भाजयुमो कार्यकर्ता कांग्रेस कार्यालय के मेन गेट पार नहीं कर पाए

# नेशनल हेराल्ड मामले पर भाजयुमो ने सोनिया राहुल का पुतला फूंका, कांग्रेस कार्यालय घेरा





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नेशनल हेराल्ड मामले पर भाजयुमो ने शुक्रवार को गांधी मैदान में उग्र प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी का पुतला दहन किया एवं खूब नारेबाजी की। इसके बाद सदस्यों ने कांग्रेस कार्यालय का घेराव करते हुए उग्र प्रदर्शन किया। बैरिकेड्स को तोड़ने की कोशिश की। पुलिस की मुस्तैदी से वे मेन गेट पार नहीं कर पाए और बाहर ही जमकर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष कैलाश सोनकर ने कहा कि नेशनल हेराल्ड केस में प्रर्वतन निदेशालय/ईडी की कार्रवाई पूर्णतः कानून संगत है। इसमे कोई राजनीतिक पक्षपात नहीं है। यह मामला वर्षों से लंबित हैं। न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश के तहत जांच एजेंसी कदम उठाती है। लेन देन के माध्यम से 2000 करोड़ रूपए की संपत्ति पर नियंत्रण पाने का प्रयास किया गया। यह धोखाधड़ी, मनी लांड्रिग, भष्टाचार का मामला है। जिला महामंत्री अविनाश दुबे, जय हिन्दूजा, सूरज शर्मा आदि ने कहा कि कांग्रेस की सोच भ्रष्टाचार और लूट है। कानून से कोई उपर नहीं है। भ्रष्टाचारियों पर कानूनी ढंग से कार्रवाई होगी। दोषी नहीं बच पाएगा।

इस अवसर पर कविंद्र जैन, अरविंद मुंडी, चेतन हिन्दूजा, राजीव सिन्हा, डीपेंद्र साहू, पवन गजपाल, धनीराम सोनकर, विजय साहू, अखिलेश सोनकर, दयाराम साहू, हेमंत चंद्राकर, मिश्रीलाल पटेल, हेमंत बंजारे, कुलेश सोनी, पिंदू यादव, श्यामलाल नेताम, ईश्वर सोनकर, संजय देवांगन, चंद्रकला पटेल उपस्थित थे।

### राजनीति से प्रेरित कदम : गौतम



कांग्रेस के युवा नेता गौतम वाधवानी ने कहा कि भाजयुमो का घेराव प्रदर्शन नाटकीय घटनाक्रम है। मोदी जी संवैधनिक संस्थाओं पर अपना अधिकार जमाकर इसका दुरुपयोग कर रहे हैं। नेशनल हेराल्ड मामले पर रुपए की हेरफेर नहीं हुई है। राजनीति से प्रेरित कदम है।

### महज शक्ति प्रदर्शन : योगेश



कांग्रेस नेता योगेश शर्मा का कहना है कि भाजयुमो का महज शक्ति प्रदर्शन है। निगम, मडंल, बोर्ड में जगह पाने, पद पाने इस प्रकार का प्रदर्शन करना भाजपा की आदत है। नेता भविष्य सुधारने कांग्रेस पार्टी का सहारा ले रहे हैं। देश की जनता निरंकुश अलोकतांत्रिक सरकार से त्रस्त है।

## खबर संक्षेप

### चंदा दल के दो दंतैल गंगरेल डुबान की ओर

**धमतरी।** चंदा दल के दो दंतैल के डुबान की ओर रवाना होने की खबर है। धमतरी डिप्टीरेंजर राकेश तिवारी ने बताया कि गुरुवार रात को छुही परिक्षेत्र के ग्राम पीपरछेड़ी के आबादी क्षेत्र से होते हुए दो दंतैल गेदरापारा के जंगल में पहुंच गए थे। शुक्रवार रात ये गंगरेल डुबान क्षेत्र के उरपुटी की ओर जा सकते हैं। निगरानी दल हाथियों की लोकेशन पर नजर रखा हुआ है।

### गंधर्व समाज की बैठक कल

**नगरी।** गंधर्व समाज जिला धमतरी कार्यकारिणी की बैठक ग्राम दुगली में 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे रखी गई है। अध्यक्ष, सचिव ने समाजजनों से उपस्थिति की अपील की है।

### भड़सिवना में वार्षिक सम्मेलन 19 से

**नगरी।** आदिवासी गोंडवाना समाज सेवा समिति तहसील नगरी का तहसील स्तरीय दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन 19 एवं 20 अप्रैल को उपक्षेत्र टांगापानी के ग्राम भड़सिवना में किया जा रहा है। सम्मेलन में समाज के सामाजिक प्रकरण, रूढ़िगत रीति नीति, संगठन, शिक्षा, संस्कार, साहित्य, संस्कृति, स्वरोजगार, धर्मांतरण सहित कई मसलों पर विचार विमर्श होगा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि भोजराज नाग सांसद कांकेर होंगे। अध्यक्षता टिकेश्वर ध्रुव अध्यक्ष गोंडवाना समाज करेंगे। विशिष्ट अतिथि श्रीमती अंबिका मरकाम विधायक, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, डॉ लक्ष्मी ध्रुव होंगे।

### परिक्षेत्रीय स्तर पर 25 को मनेगी सेन जयंती

**धमतरी।** सर्व सेन समाज की बैठक गत दिनों हुई। 25 अप्रैल को संत शिरोमणि सेनजी महाराज की जयंती तहसील एवं परिक्षेत्रीय स्तर पर मनाने का निर्णय लिया गया। स्वजातीयगण अपने-अपने घरों में ईष्ट गुरु सेनजी की पूजा-अर्चना कर उनकी जयंती मनाएंगे। सेन जयंती पर पूरे जिले के सामाजिकजन अपनी प्रतिष्ठानें बंद रख आस्था और सामाजिक एकता का परिचय देगें। यह जानकारी धनसिंह सेन जिलाध्यक्ष, लालाराम सेन उपाध्यक्ष, भगवानीराम शांडिल्य सचिव, रविकुमार कौशल कोषाध्यक्ष ने दी है।

### स्टार्टअप के लिए कार्यशाला 25 को

**धमतरी।** जिले के आदिवासी युवाओं को रोजगार के सुनहरे अवसर तलाशने और उनका भविष्य संवारने के लिए स्टार्टअप शुरू करने एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। यह कार्यशाला 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे से नगरी ब्लॉक के सुखराम नागे शासकीय महाविद्यालय छिपली में होगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने प्राचार्य को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### बादल गरजने के साथ बिजली गिरने की चेतावनी

**धमतरी।** जिले सहित प्रदेशभर में मौसम खराब है। अगले चार दिनों तक मेघ गर्जन के साथ बिजली गिरने की संभावना है। अगले पांच दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री पारा चढ़ने के आसार हैं। मौसम ने पिछले कुछ दिनों से करवट ली है। तीन दिन पहले तेज हवाओं के साथ कहीं कहीं पर हल्की बारिश हुई थी। शुक्रवार को भी आसमान पर मंडराते हुए बादल शाम 5 बजे से गरज-चमक के साथ बरसने लगा। मेघ गर्जन और हल्की बारिश में बिजली की आंख मिचौली खूब हुई। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण उत्तर प्रदेश के मध्य भाग पर समुद्रतल से 1.5 किमी की ऊंचाई पर उपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इसके प्रभाव से प्रदेश के एक दो स्थानों पर मेघगर्जन तथा वज्रपात की संभावना है। एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। बताया गया है कि आगामी 4 दिनों तक वज्रपात, मेघ गर्जन की गतिविधियां रह सकती हैं। वहीं पांच दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री क्रमिक वृद्धि होगी।

# मादक पदार्थ तस्करी मामले में जब्त वाहनों की हुई नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- नीलामी से शासन को 5 .96 लाख का राजस्व मिला



न्यायालय के आदेश पर एनडीपीएस मामले में जब्त 29 दोपहिया व चार पहिया वाहनों की नीलामी की गई। इस नीलामी में शासन को 5 लाख 96 हजार 350 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं एसपी आंजनेय वार्ष्णेय के संयुक्त प्रयास से धमतरी जिले में एनडीपीएस एक्ट के तहत पकड़ाये कुल 29 दोपहिया व चारपहिया वाहनों की गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नीलामी की गई। इस नीलामी में पुलिस विभाग द्वारा जब्त 29 वाहन जिसमें मोटरसायकल व कार को नीलाम किया गया। जब्त वाहनों की नीलामी से शासन को 5 लाख 96 हजार 320 रूपए का राजस्व मिला है।

इस नीलामी प्रक्रिया में अपर कलेक्टर रीता यादव, एएसपी मणिशंकर चंद्रा, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा, परिवहन अधिकारी मुजाहिद खान, एमटीओ सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि पुलिस विभाग विभिन्न थाना क्षेत्र में समय-समय पर आबकारी अधिनियम व एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर मादक पदार्थों की तस्करी में उपयोग किए गए वाहनों को जब्त करता है।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

# ट्रेलर डिवाइडर से टकराया, चालक घायल



- विशाखापटनम रोड पर ग्राम जामगांव के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विशाखापटनम रोड निर्माण के लिए फ्लाईऐश खाली कर लौट रहा ट्रेलर डिवाइडर से टकरा गया। इस घटना में ट्रेलर का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

भारतमाला परियोजना के तहत विशाखापटनम जाने के लिए सिक्सलेन रोड निर्माण का कार्य जारी है। सड़क निर्माण के लिए सैकड़ों ट्रेलर सीमेंट राखड़ की सप्लाई में लगे हुए हैं। यह सिक्सलेन मार्ग जिले के दुगली से होकर गुजर रहा है जिसके लिए बड़े -बड़े ट्रेलर फ्लाईऐश भरकर धमतरी से धमतरी नगरी मार्ग से होते हुए कार्यस्थल तक, वहीं कुरूद व अन्य क्षेत्र से भी ट्रेलर फ्लाईऐश खाली करने आते हैं। शुक्रवार को एक ट्रेलर फ्लाईऐश लेकर केरेगांव दुगली क्षेत्र में चल रहे रोड निर्माण के लिए कार्यस्थल पहुंचा था, जहां फ्लाईऐश को खाली करने के बाद चालक गुरुमुखसिंह पिता पुरूषोत्तम धुरी उम्र 35 वर्ष ग्राम छटोंदा बिलासपुर निवासी ट्रेलर को विशाखापटनम रोड पर चलाते हुए वापस जामगांव की तरफ लौट रहा था। इसी दौरान खाली ट्रेलर सड़क के डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक के पैरों में चोट आई है। बायां पैर बुरी तरह से मुड़ गया है। परियोजना के अन्य कर्मचारियों ने पिकअप की मदद से घायल चालक को ट्रेलर से उतारकर उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां उनका उपचार जारी है।

### युवक ने मामा ससुर के घर में लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शादी कार्यक्रम में मामा ससुर के घर गए युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुमेश नेताम पिता रामदयाल उम्र 36 वर्ष ग्राम मोखा थाना गुरुर निवासी गुरुवार को शादी कार्यक्रम में शामिल होने अपने मामा ससुर के घर ग्राम भोथा थाना मगरलोड गया था। रिश्तेदार सभी शादी कार्यक्रम में व्यस्त थे। इसी दौरान युवक ने शुक्रवार को कमरे में साड़ी का फंदा बना सिलिंग पंखा में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की मामी सास जब सामान निकालने कमरे में पहुंची तो दरवाजा बंद मिला। हल्का सा धक्का देने पर दरवाजा खुल गया। भीतर पंखे पर युवक का शव लटका हुआ था। परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। युवक को फंदे से उतारकर उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### नाली निर्माण की जांच करने पहुंचे थे महापौर

# ठेकेदार और महापौर के बीच हुई बहस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



आमापारा वार्ड में निर्माणाधीन नाली का निरीक्षण करने पहुंचे महापौर रामू रोहरा, पार्षद और ठेकेदार के बीच बहस हो गई। महापौर ने उन्हें समझाने की कोशिश की लेकिन ठेकेदार ने कहा कि महज शिकायत के आधार पर जांच करने पहुंच गए।

आमापारा को डूबने से बचाने नाली निर्माण का कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार को महापौर, पार्षद, आयुक्त प्रिया गोयल, उपायुक्त पीसी सार्वा, ईई महेन्द्र जगत आदि स्पॉट पर पहुंचे। गुणवत्ताविहीन कार्यों की शिकायत मिलने पर दिशा-निर्देश दे रहे थे। इस पर ठेकेदार ने भी अपनी सफाई देना प्रारंभ कर दिया जो बहस के रूप में तब्दील हो गई। महापौर ने कहा कि ऐसा काम नहीं चलेगा। काम बंद कर दो।

श्री रोहरा ने मीडिया को बताया कि शिकायत पर नाली निर्माण देखने गए थे जहां गुणवत्ताविहीन कार्य देखने पर समझाइश दी जा रही थी। ठेकेदार मनमानी करेगा तो ब्लेक लिस्टेड कर दिया जाएगा। पार्षद विजय मोटवानी ने कहा कि कार्य में मनमानी हुई है। महापौर ने इसका निरीक्षण किया है। निरीक्षण में कार्य गुणवत्ताविहीन पाया गया।

नाली निर्माण के ठेकेदार पिंटू अग्रवाल का कहना है कि अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर ही कार्य हो रहा है। सिर्फ ठेकेदार पर ही कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों पर क्यों नहीं। इंजीनियर लंबे समय से साइट पर नहीं आया।




## खबर संक्षेप



### भेड़ की मौत पर मिला मुआवजा

**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत मावलीभाटा विकास खंड तोकापाल के किसान गोदाराम ठाकुर का भेड़ की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो गई। जिसे पशु बीमा योजना के अंतर्गत चित्रकोट विधायक विनायक गोयल द्वारा मुआवजे का चेक वितरण किया गया।

### कर्मचारियों की हड़ताल खत्म

**जगदलपुर।** महापौर संजय पांडे ने बताया कि नगर निगम के प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल खत्म हो गई है। पानी की व्यवस्था, ऑटो एवं सफाई व्यवस्था सुचारु रूप से शुरू हो सके, समस्त पार्षद एवं अधिकारी, कर्मचारी अपने वार्ड में उपस्थित रहेंगे।

### सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जनजागरूकता का संकल्प

**जगदलपुर।** संत रामपाल महाराज के सानिध्य में 20 अप्रैल को सिटी ग्राउंड में सामाजिक, आध्यात्मिक और सेवा पर आधारित आयोजन होने जा रहा है, जिसमें विशाल सत्संग, दहेज मुक्त सामूहिक विवाह, रक्तदान शिविर और देहदान संकल्प पंजीकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा देने और व्याप्त कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने की पहल है। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल धार्मिक और आध्यात्मिक चेतना का विस्तार करना है।

बल्कि लोगों को दहेज जैसी सामाजिक बुराई से मुक्त कर, रक्तदान व देहदान जैसे महान कार्यों के लिए प्रेरित करना भी है। इस आयोजन में जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के प्रवचन के माध्यम से सत्संग का विशेष आयोजन एवं आध्यात्मिक मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसके साथ ही सैकड़ों श्रद्धालु, समाजसेवी, युवा, और जागरूक नागरिक इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे।दहेज मुक्त विवाह सम्मेलन में कई युवा जोड़े सामाजिक रीति-रिवाजों के अनुसार बिना लेन-देन के विवाह बंधन में बंधेंगे। यह समाज के लिए एक मिसाल बनेगा कि विवाह जैसे पवित्र बंधन में दहेज जैसी बुराई का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। साथ ही रक्तदान शिविर के माध्यम से जरूरतमंदों की जान बचाने का संकल्प और देहदान संकल्प के माध्यम से मृत्यु के बाद भी किसी के जीवन का हिस्सा बनने की प्रेरणा दी जाएगी। आयोजन में प्रवेश निःशुल्क है और आम नागरिकों को सादर आमंत्रित किया गया है।

### नेशनल हेराल्ड भ्रष्टाचार मामले में सोनिया व राहुल गांधी का फूंका पुतला

**पखांजुर।** पुराना बाजार चौक पखांजुर में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा नेशनल हेराल्ड भ्रष्टाचार मामले में सोनिया गांधी व राहुल गांधी के खिलाफ चार्ज शीट दायर होने पर दोनों मां बेटे व कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ पुतला दहन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण साहा एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष पखांजुर के निर्देश पर पुतला दहन किया गया, जिसमें भारी संख्या में भाजपा उपस्थित रहें।

### निधन

#### अजय निचत



**धमतरी।** छग कर्मचारी कांग्रेस के पूर्व सचिव अजय निचत ले खा पा ल स्वास्थ्य विभाग का निधन हो गया। संगठन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
स्त्री पुरुष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व पुराने से पुराने गुप्त रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
बस्तर रोड, अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के ऊपर, धमतरी मो. 9174466336

## कुरुद पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

# कृषि भूमि की फर्जी बिक्री कर इकरारनामा तैयार किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरुद पुलिस ने 2.09 हेक्टेयर कृषि भूमि की फर्जी रूप से बिक्री इकरारनामा तैयार कर एवं आम मुखत्यार नामा देकर 3 लाख रूपये लेकर की धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को धारा- 419, 420, 467, 468, 471, 120 बी भादवि के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

कुरुद पुलिस ने प्रार्थी अनावरूल हसन पिता मोहम्मद सरदार खान उम्र 45 वर्ष शारदा चौक रायपुर को प्रकरण के आरोपीगण लिक्यन वाल्टर कथित नाम समारूराम वर्मा ने ग्राम खपरी स्थित प.ह.नं० 02 अभिलेख अनुसार कृषक समारू राम पिता कपूरचंद के खसरा नं0 269 से 275 तक, 762 से 768 कुल रकबा 2.09 हेक्टेयर कृषि भूमि की फर्जी रूप से बिक्री इकरारनामा तैयार कर आम मुखत्यार नामा देकर 3 लाख रूपये लेकर धोखाधड़ी करने की लिखित रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान आरोपी लिक्यन वाल्टर अपने साथी मुकेश साहू के साथ मिलकर उक्त खसरा नंबर की फर्जी ऋण पुस्तिका बनाकर व असल भूमि स्वामी समारू राम वर्मा की जगह समारू राम ढीमर को खड़ा कर भूमि का विक्रय इकरारनामा तैयार कर अनावरूल हसन से 3,00,000 रू. लेकर अपने साथी मुकेश साहू के साथ आपस में पैसों को बंटवारा करना व पैसा को खर्च कर देना बताया। आरोपी के एक अन्य साथी मुकेश साहू पिता उत्तरा कुमार साहू उम्र 44 वर्ष मुरा को भी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



इस कार्रवाई में थाना कुरुद से सउनि कमिलचंद सोरी, आरक्षक गोपाल चंद्राकर, डेनेश्वर टंडन, महेश साहू एवं साइबर प्रभारी सउनि प्रदीप सिंग, प्रआर विजयपति, आरक्षक महेंद्र सिन्हा की भूमिका रही।

## बंगाल इंजीनियर रेजिमेंट से रिटायर सैनिक का हुआ सम्मान

**धमतरी।** गिरिराज साहू सेना के बंगाल इंजीनियर रेजिमेंट में 17 वर्ष तक सेवा देकर सेवानिवृत हुए हैं। इस सैनिक के सम्मान में कार्यक्रम रखा गया। मौके पर



अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष केपी साहू, संरक्षक मुरारी लाल साहू, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, जोहर लाल मंडावी, अजय पुरी गोस्वामी, महेंद्र कुमार श्रीसंत, लक्ष्मणलाल साहू, अजय नामदेव, सोहन लाल साहू, संजय साहू , प्रीतम सेन , आरक्षक संतोष साहू समेम गांव के गणमान्य नागरिक पवनलाल सेन, गणेश्वर राम साहू , हंसराज साहू, दूजराम साहू, हरिओम साहू, कन्हैया लाल साहू, संतराम साहू समेत अन्य उपस्थित थे ।

## भखारा में पेयजल सुविधाओं का हुआ विस्तार

- पीने योग्य पानी का टीडीएस चेक भी किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

पानी जीवन के हर पहलू को जोड़ता है। सुरक्षित पानी और स्वच्छता तक पहुंच सभी की सामूहिक जिम्मेदारी भी है और आवश्यकता भी है। इस समय का उपयोग कर लोगों को स्कूल और काम के लिए समय देकर सशक्त बना सकती है और दुनिया भर में महिलाओं, बच्चों और परिवारों के लिए बेहतर स्वास्थ्य में योगदान दे सकती है। महिलाएं जल संकट से असमान रूप से प्रभावित हैं, क्योंकि अक्सर पानी इकट्ठा करने की जिम्मेदारी उन्हीं पर होती है। इससे उन्हें काम, स्कूल और परिवार की देखभाल से समय निकालना पड़ता है।

हैंडपंप से पानी टेरकर निकालने की बजाय सुविधा देते हुए मोटर और टंकी लगाकर लोगों का समय और श्रम बचाने नगर पंचायत भखारा ने त्वरित पहल की। पीने योग्य पानी का टीडीएस चेक किया गया। अधिकांश पेयजल व्यवस्था सुधारी गई। वार्डवासी तारा बाई मार्कण्डेय द्वारा खुदाए बोर में यह सुविधा दी गई। इससे कई वार्ड के घरों में आसपास पानी सुलभ हो जाएगा।



लोकार्पण अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन, विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, भूपेश्वरी चंदेल, हितेंद्र साहू, गौतमी पटेल, अंजु साहू, खेमलता साहू, पार्षदगण ममता चंद्राकर, दुलेश्वर साहू, गोपालन साहू, जगेश्वर निर्मलकर, यशवंत साहू, सेवकराम देवले, मनोरमा मानिकपुरी, कचरा बाई, रूमुल साहू, किरण जोशी, छत्रपाल निषाद, पिंकी निषाद, चेतना साहू, श्रीमती ठाकुर, शोभा साहू, मोती साहू, जितेंद्र साहू सहित अन्य वार्डवासी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### बीपीएड की प्रायोगिक परीक्षा 19 को

**कुरुद।** संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में बीपीएड 2 सेमेस्टर पीसी 201, 202 एवं 202 12वीं बैच, बीपीएड 2 सेमेस्टर टीपी 201, 12वीं बैच, बीपीएड 4 सेमेस्टर पीसी 401 एवं 402 11वीं बैच एवं बीपीएड 4 सेमेस्टर टीपी 401 एवं 402 11वीं बैच की प्रायोगिक परीक्षा प्रातः 6:30 बजे से शारीरिक शिक्षा विभाग में होगी। छात्रों को खेल गणवेश में उपस्थित होना अनिवार्य है।

### पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए गोलछा, नाहटा



**नगरी।** जिला भाजपा मंत्री राजेंद्र गोलछा एवं पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय नाहटा पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

## कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षकों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

पोस्ट आफ द मंथ में स्कूल में बोलेगा बचपन खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने पर कलेक्टर ने शिक्षकों को सम्मानित किया। जिले के सभी 19 शिक्षकों को शिक्षण सामग्री प्रदान कर उत्साह वर्धन किया गया। समारोह में प्राथमिक शाला गिरौद से माखन लाल साहू और नेमिन साहू सम्मानित हुए। इस दौरान संस्था प्रमुख चंद्रशेखर सेन समेत अनेक शिक्षक मौजूद थे।

## कविता विचारों को साझा करने का खूबसूरत तरीका है : जितेंद्र

- हाईस्कूल परिसर करेली बड़ी में कविता लेखन पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी की साहित्यिक संस्था आओ कविता लिखें समूह द्वारा तीन दिवसीय कविता लेखन की कार्यशाला हाईस्कूल परिसर में आयोजित की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजेश कुमार देवांगन थे। अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य किशोर कुमार जांगड़े ने की। इस अवसर पर बृजेश कुमार देवांगन ने कहा कि इस तरह की कार्यशाला होनी चाहिए। प्रत्येक कार्यशाला में बच्चों को शामिल होना चाहिए जिससे उनकी रुचि पता लगेगी और उसी के अनुरूप कार्यशाला में शामिल होकर सभी अपने हुनर में निखार पैदा कर सकते हैं। प्राचार्य किशोर कुमार जांगड़े ने बताया कि कविता लेखन की कार्यशाला मगरलोड ब्लॉक के लिए अनुकरणीय पहल है। खाली समय का सदुपयोग बहुत अच्छे से किया जा सकता है। आओ कविता लिखें समूह के संस्थापक जितेंद्र सुकुमार ने बताया कि कविता विचारों को साझा करने का खूबसूरत तरीका है। कविता लेखन के तौर तरीके के साथ भाषा की अशुद्धियां लेखन से दूर होती है। तीन दिवसीय कार्यशाला में साहिर ने कविता लेखन की बारिकियों को समझाते हुए छंद मुक्त कविता, नई कविता से परिचय कराते हुए दोहा लेखन की विधि को भी बताया। मौके पर शिक्षक अवधराम साहू, क्रीड़ा शिक्षक गीतेश्वर सिंह साहू उपस्थित थे।



## बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती मनाई गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

द कम्पिटिशन एकेडमी नगरी में डा भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत अंबेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। बच्चों ने अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए संविधान के महत्व को बताया। एकेडमी के डायरेक्टर इंदु पटेल ने भी संविधान में लिखी गयी बातों को जीवन में अमल करने कहा। संविधान को पढ़ना केवल शिक्षा के उद्देश्यों को पाना ही नहीं है। आगे कहा कि जिस तरह मानस सम्मेलन के जरिये रामचरित मानस का मंचन होता है, ठीक उसी तरह हमारे भारतीय संविधान मंचन होना चाहिए जिससे समूचे भारत के नागरिक को संविधान की जानकारी हो सके। इससे देश में होने वाले हिंसा, भ्रष्टाचार एवं दुष्कर्म थमेंगे और एक स्वच्छ लोकतंत्र का निर्माण होगा। कार्यक्रम में एकेडमी के सभी बच्चे तथा स्टाफ मौजूद थे।

## जनपद सदस्य ने जरुरतमंद महिला को दिलाया उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

जनपद पंचायत नगरी क्षेत्र से निर्वाचित जनपद सदस्य क्षमा गजेन्द्र साहू ने पदभार ग्रहण करते ही जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। पद संभालने के कुछ ही दिनों के भीतर उन्होंने ग्राम उमरगांव की एक मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला श्रीमती नंदनी पति टेमन पटेल को तत्काल चिकित्सकीय सहायता दिलाने की पहल की। क्षमा साहू द्वारा न केवल महिला को बिलासपुर सेंदरी स्थित मानसिक चिकित्सालय तक पहुंचाने में सहयोग किया गया, बल्कि उन्होंने 1000 की व्यक्तिगत आर्थिक सहायता भी प्रदान की जिससे जरूरतमंद परिवार को तत्काल राहत मिली। इस सेवा कार्य में सरपंच अंजना ध्रुव, टिकेश्वरी विश्वकर्मा, गजेन्द्र साहू एवं कमलेश्वर कश्यप का भी सहयोग रहा।



जनपद सदस्य बनने के बाद क्षमा का यह पहला सार्वजनिक सहयोग कार्य रहा, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वे जनसमस्याओं के प्रति गंभीर, संवेदनशील और समर्पित हैं। ग्रामवासियों ने उनके इस सराहनीय प्रयास के लिए आभार प्रकट किया है।

## वार्ड 14 की आंगनबाड़ी में पोषण पखवाड़ा मनाया गया

- पोषण दिवस, पौष्टिक आहार, डायरिया, एनीमिया प्रबंधन व स्वच्छता पर डाला प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुपोषण का सही आकलन, कुपोषण की रोकथाम व निदान तथा नौनिहालों के पोषण स्तर को परखने सुपोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। सुपोषण पखवाड़ा की इसी कड़ी में गायत्री मंदिर रोड स्थित वार्ड क्रमांक 14 आंगनबाड़ी केन्द्र में सुपोषण पखवाड़ा का शुभारंभ वार्ड पार्षद मनीष साहू व हेमलाल साहू द्वारा किया गया।



स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार सुपोषण पखवाड़ा व सुपोषण चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। पार्षद मनीष साहू ने माताओं को उचित पोषक आहार व समय-समय पर स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार बच्चों को दी जाने वाली विटामिन व आयरन की खुराक देने व टीका लगवाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि बच्चों में कुपोषण एक गंभीर समस्या है। कुपोषण से बच्चों का शारीरिक, मानसिक विकास अवरुद्ध हो जाता है जिसके कारण उनका जीवन प्रभावित हो जाता है। एमटी माला यादव ने भी माताओं को पोषण के पांच सुनहरे 1000 दिवस, पौष्टिक आहार, डायरिया, एनीमिया प्रबंधन व स्वच्छता पर प्रकाश डालते हुए आवश्यक जानकारी दी।

इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रूक्मणि चंद्राकर, तुलसी सोनी, सहायिका डामिन साहू, मितानिन कमलेश्वरी सेन व नोकेश्वरी साहू, आरती साहू, त्रिवेणी साहू, भुनेश्वरी,रत्ना साहू, मंजु साहू, योगिता सिन्हा, कविता साहू, कुलेश्वरी सिन्हा, आरती साहू, अमृता मानिकपुरी, केजा साहू व अन्य पालकगण उपस्थित थे।

## स्वस्थ और मजबूत पीढ़ी तैयार करने का आंदोलन है : ज्योति

# आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित हो रहा पोषण पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

पोषण पखवाड़ा अंतर्गत बच्चों के स्वास्थ्य, पौष्टिक आहार के संबंध में जानकारी दी जा रही है, ताकि बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाया जा सके। इसी कड़ी में महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम कुरूद में आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि ज्योति भानु चन्द्राकर अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद एवं पार्षदगण राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर नपं अध्यक्ष श्रीमति चन्द्राकर ने कहा कि पोषण पखवाड़ा 2025 सिर्फ़ एक जागरूकता अभियान नहीं है बल्कि यह पोषण, एक मां, एक बच्चा और एक समय में एक भोजन को बदलने का एक आंदोलन है। परंपरा को प्रौद्योगिकी के साथ जोड़कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाकर और समुदायों को शामिल करके, भारत एक स्वस्थ, मजबूत पीढ़ी की ओर साहसिक कदम उठा रहा है।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व मे पूरे प्रदेश की महिलाओं के जीवनस्तर को ऊपर उठाने के लिए महतारी वंदन से लेकर छोटी छोटी मातृत्व योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। गौरतलब है कि जिले में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत महिला बाल विकास विभाग कुरूद केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही मातृत्व योजनाओं को प्रत्येक महिला तक पहुंचाने विविध आयोजन कर रहे हैं।

जनसामान्य में सुपोषण के प्रति जागरूकता लाने के लिए उन्हें हरी साग-सब्जी, प्रोटीनयुक्त भोजन के बारे में बताया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के पौष्टिक व्यंजन को प्रदर्शित करते हुए तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्री एवं पौष्टिक आहार के बारे में जानकारी दी जा रही है।

## घुरावड़ में पोषण पखवाड़ा का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 घुरावड़ में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया गया जिसमें गर्भवती महिलाओं व माताओं को पोषण संबंधी व एनीमिया की जानकारी दी गई। साथ ही साथ 3 वर्ष पूर्ण कर चुके बच्चों को आंगनबाड़ी में प्रवेश दिलाया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य मौसमी विमल मंडावी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता तारिणी यादव, मितानिन अमिला मांडवी, संता मरकाम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कमलादास सहायिका व अन्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### वन सीमा सुरक्षा सप्ताह का हुआ शुभारंभ

**फरसगांव।** वन विभाग केशकाल वनमंडल केशकाल ने 18 अप्रैल को वन सीमा सुरक्षा सप्ताह का प्रारंभ किया। वनमंडलाधिकारी गुरूनाथन एन केशकाल द्वारा वन सीमा सुरक्षा सप्ताह के तहत परिक्षेत्र फरसगांव के परिसर लंजोडा पी 1179, पी 1180 का निरीक्षण किया। इस अवसर पर संबंधित कर्मचारियों को वन सीमा सुरक्षा सप्ताह, मुनारा सत्यापन, प्लाटंटेशन तथा तेंदूपत्ता तोड़ाई से संबंधित वन अमला को दिशा-निर्देश दिया गया।
डीएफओ श्री गुरुनाथन ने कहा कि वन सुरक्षा का सबसे महत्वपूर्ण अंग वन सीमाओं का सही संधारण होता है। इसके महत्व को देखते हुये समस्त कार्य आयोजनाओं में पंचवर्षीय सीमांकन योजना के तहत प्रतिवर्ष वनसीमा के सीमांकन का कार्यक्रम निर्धारित किया जाता है। कार्यक्रम के तहत प्रतिवर्ष कुल सीमा रेखा की लंबाई के पांचवें भाग तथा कुल वन सीमा मुनारों के पांचवें भाग के मरम्मत एवं संधारण का कार्य किया जाता है। विगत वर्षों में बड़ी संख्या के पक्के मुनारों का निर्माण किया गया है।

### दो बाइक की भिड़ंत में महिला की मौत, 2 घायल

**फरसगांव ।** नेशनल हाइवे 30 मांझीआठगांव के पास गुरुवार की शाम करीब 7 बजे बाइक ने बाइक सवार दंपति को अन्य बाइक में सवार युवक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला की मौके पर मौत हो गई और उसका पति व टक्कर मारने वाला युवक घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी अनुसार ग्राम जुंगदई निवासी ललित पटेल उम्र 52 वर्ष अपनी पत्नी आयसी बाई पटेल उम्र 50 वर्ष के साथ बाइक क्रमांक सीजी 27 के 3981 में सवार होकर ग्राम अड़ेगा में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। अड़ेगा से वापस घर आने के दौरान नेशनल हाइवे 30 मांझीआठगांव के पास की शाम करीब 7 बजे पीछे से अन्य बाइक क्रमांक सीजी 27 के 6395 में सवार होकर आ रहे युवक ग्राम सिंगारपुरी निवासी नवीन यादव पिता रत्तू यादव ने इनकी बाइक को टक्कर मारी और खुद भी बाइक से गिर गया । हादसे में तीनो गंभीर रूप से घायल हो गए।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया कांग्रेस भवन का घेराव



**जगदलपुर ।** नेशनल हेराल्ड में करोड़ों के भ्रष्टाचार के मामले को लेकर कांग्रेस के खिलाफ आक्रामक रूख अख्तियार करते हुये भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को कांग्रेस भवन का घेराव किया और विरोध प्रदर्शन करते हुये कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी व राहुल गांधी का पुतला दहन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस द्वारा बनाये गये बेरिकेट्स को तोड़ कर कांग्रेस भवन के समक्ष पहुँच कर लगभग एक घंटे तक जोरदार नारेबाजी करते हुये विरोध प्रदर्शन करते हुये कांग्रेस भवन का घेराव कर डटे रहे। वहां भारी संख्या में तैनात पुलिस बल जवानों के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं की धक्कामुक्की लगातार होती रही।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया कांग्रेस भवन का घेराव

**जगदलपुर ।** नेशनल हेराल्ड में करोड़ों के भ्रष्टाचार के मामले को लेकर कांग्रेस के खिलाफ आक्रामक रूख अख्तियार करते हुये भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को कांग्रेस भवन का घेराव किया और विरोध प्रदर्शन करते हुये कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी व राहुल गांधी का पुतला दहन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस द्वारा बनाये गये बेरिकेट्स को तोड़ कर कांग्रेस भवन के समक्ष पहुँच कर लगभग एक घंटे तक जोरदार नारेबाजी करते हुये विरोध प्रदर्शन करते हुये कांग्रेस भवन का घेराव कर डटे रहे।

## सीईओ की कार्यप्रणाली पर भड़का सरपंच संघ, बताया एकपक्षीय कार्रवाई

# जनपद सीईओ की कार्रवाई से आदिवासी महिला सरपंच हुई मानसिक रूप से परेशान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

विकासखंड नगरी की 102 ग्राम पंचायतों के सरपंचों का आक्रोश उस समय फूट पड़ा जब घुटकेल की सरपंच श्रीमती कुसुमलता द्वारा ग्राम हित में बैठक बुलाने पर सीईओ जनपद पंचायत नगरी ने पंचायती राज अधिनियम की धाराओं का हवाला देते हुए नोटिस थमा दिया। इस एकपक्षीय कार्रवाई को सरपंच संघ ने न केवल अन्यायपूर्ण बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के विरुद्ध बताया और जनपद कार्यालय पहुंचकर कड़ी नाराजगी जताई।

### जनप्रतिनिधियों को डराने की प्रवृत्ति बर्दाश्त नहीं

इस विषय पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि मैंने इस घटना की जानकारी ली है। जो भी उचित होगा, उस दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। भाजपा सरकार की नीति स्पष्ट है कि जब कोई भी जनप्रतिनिधि आमजन के हित में कार्य करता है, तो उसे शासन-प्रशासन की ओर से नियमों के तहत पूर्ण सहयोग मिलना चाहिए। जनप्रतिनिधियों को डराने या दबाव में लेने की प्रवृत्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### समाधान निकाला जाएगा

इस संबंध में सीईओ करुणा सागर से जब संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि यह मामला चर्चा में है और एक-दो दिनों में समाधान निकल जाएगा।

### सचिवों की हड़ताल से बढ़ी सरपंचों की जिम्मेदारी

सरपंचों ने बताया कि वर्तमान में पंचायत सचिवों की हड़ताल के कारण पंचायत के सभी कार्य ठप हैं। ऐसी स्थिति में यदि गांव की समस्याओं पर चर्चा करने के लिए सरपंच बैठक बुलाते हैं तो इसे शासकीय दस्तावेजों का दुरुपयोग बताना न केवल हास्यास्पद है बल्कि गैरजिम्मेदाराना भी। लेटरपैड का उपयोग केवल सूचना देने के लिए हुआ, आदेश जारी करने के लिए नहीं।

### सीईओ की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में

ज्ञात हो कि जनपद पंचायत नगरी की मुख्य कार्यपालन अधिकारी को कुछ दिन पूर्व ही जिलाधीश द्वारा कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था। यह नोटिस उनके पूर्व के कार्य व्यवहार और प्रशासनिक निर्णयों को लेकर जारी हुआ था।

वर्तमान सीईओ की कार्यशैली को लेकर केवल जनप्रतिनिधि ही नहीं, बल्कि विभागीय कर्मचारी और आमजन भी असहज महसूस कर रहे हैं। प्रशासनिक समन्वय के अभाव में जनपद स्तर की योजनाएं एवं कार्य बाधित हो रहे हैं। ऐसे में सरपंच संघ सहित अनेक संगठनों की यह मांग है कि नगरी जनपद पंचायत में किसी अनुभवी, संवेदनशील और समन्वयशील अधिकारी की तत्काल पदस्थापना की जाए, जो विकास की गति और लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान सुनिश्चित कर सके।

### क्या है पूरा मामला

ग्राम घुटकेल की सरपंच श्रीमती कुसुमलता ने गांव की मूलभूत समस्याओं जैसे पेयजल संकट, सफाई व्यवस्था और शासकीय योजनाओं की सुस्त प्रगति पर चर्चा के लिए गांव में एक बैठक रखी थी। उन्होंने इस बैठक की सूचना पंचायत के लेटरपैड पर कोटवार के माध्यम से ग्रामीणों तक पहुंचाई। इसी सूचना को जनपद सीईओ ने शासकीय दस्तावेजों के दुरुपयोग और छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम की धारा 87, 89 व 40 का उल्लंघन मानते हुए नोटिस जारी कर दिया। नोटिस में 7 दिवस के भीतर स्पष्टीकरण नहीं देने पर निष्कासन की अनुशंसा तक की बात कही गई है।

### जब तक लिखित आदेश नहीं मिलेगा, लेटरपैड का उपयोग नहीं करूंगी



सरपंच श्रीमती कुसुमलता ने हरिभूमि के साथ चर्चा करते हुए बताया कि ग्राम पंचायत के सचिव हड़ताल पर हैं। गांव में पेयजल संकट व अन्य समस्याओं को लेकर ग्रामीण मुझसे लगातार सवाल कर रहे थे। एक-एक व्यक्ति को जवाब देते-देते मैं मानसिक रूप से परेशान हो चुकी थी। इसलिए सभी को सामूहिक रूप से समझाने बैठक बुलाई, जिसमें सूचना देने के लिए पंचायत लेटरपैड का उपयोग किया। मेरा उद्देश्य केवल जनहित था, किसी प्रकार का दुरुपयोग नहीं। सीईओ द्वारा मुझे नोटिस थमाया गया, उस दिन मेरे परिवार में शादी थी और इस तनाव से पूरा माहौल बिगड़ गया। मैंने अपना लेटरपैड सीईओ को सौंप दिया है और कहा है कि जब तक लिखित आदेश नहीं मिलेगा, उसका उपयोग नहीं करूंगी।

### जनपद कार्यालय का किया घेराव

सरपंच संघ अध्यक्ष उमेश देव ने बताया कि इस नोटिस के विरोध में सरपंच संघ अध्यक्ष उमेश देव के नेतृत्व में जनपद कार्यालय का घेराव किया गया। संघ ने सीईओ की कार्रवाई को अधिनियम की मनमानी और नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का अपमान बताया। एक प्रशासक को अपने अधिकार की सीमाएं समझनी चाहिए। सीईओ को न तो धारा लगाने का अधिकार है और न ही निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को धमकाने का। विधिसंगत कार्रवाई का अधिकार केवल अनुविभागीय अधिकारी (रा.) या जिला कलेक्टर को है। अगर नोटिस वापस नहीं लिया गया और संबंधित सरपंच को संतुष्ट नहीं किया गया तो हम लोकतांत्रिक तरीके से कार्रवाई के लिए बाध्य होंगे। यह पंचायतों की स्वायत्तता पर हमला है।

# ऋण पुस्तिका की कूट रचना करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

## मगरलोड पुलिस ने की कार्रवाई, न्यायिक रिमाण्ड पर भेजे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

ग्राम पंहदा में ऋण पुस्तिका से वास्तविक भूमि स्वामी का नाम विलोपित कर ऋण पुस्तिका की कूट रचना करने वाले तीन आरोपियों को मगरलोड पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

प्रार्थी मनोज भारद्वाज ने तहसीलदार, मगरलोड थाना में आवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि सुकलाल उर्फ शोभित पिता मुकुंदी साहू द्वारा ग्राम पहंदा प.ह.नं. 27 रा.नि.मं. मोहंदी तहसील मगरलोड जिला धमतरी स्थित भूमि खसरा नंबर 8,9 रकबा कमशः 0.35,0.12 हेक्टेयर कुल खसरा नंबर 02 कुल रकबा 0.47 हेक्टेयर सुकलाल पिता मकुंदी रावत निवासी सोनेवारा की भूमि को छलकपट कर अवैध तरीके से प्रतिफल प्राप्त कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र विलेख 17 दिसंबर 2022 को चंद्रहास पिता रोशन सिन्हा निवासी देवरी के पक्ष में निष्पादित किया है। इसके विरूद्ध धोखाधड़ी करने, भूमि विक्रय करने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने पर थाना मगरलोड में अपराध धारा 318(4) बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान पुलिस ने पाया कि आरोपी शोभित साहू द्वारा सुकलाल पिता मकुंदी के नाम की ऋण पुस्तिका भूमि खसरा नंबर 8 एवं 9 रकबा कुल 0.47 हेक्टेयर को अपना नही होना जानते हुए भी तहसीलदार मगरलोड न्यायालय में अपना नाम शोभित उर्फ सुकलाल पिता मुकुंदी दर्ज कराने आवेदन किया। आरोपी के पक्ष में शोभित उर्फ सुकलाल पिता मुंकुदी दर्ज कराने आदेश पारित कर ऋण पुस्तिका से वास्तविक भूमि स्वामी का नाम विलोपित कर मूल्यवान प्रतिमूर्ति ऋण पुस्तिका की कूटरचना की गई। उसका वास्तविक दस्तावेज के रूप में उपयोग कर पीड़ित चंद्रहास सिन्हा को 19,00,000 रूपये में बिक्री किया है। अपराध धारा 319(2),338,336 (3), 340 (2), 343 एवं 61 (ख) बीएनएस का घटित करने पर प्रकरण में उपरोक्त धारा जोडी गई।



पूर्व में आरोपी शोभित साहू को 23 मार्च 25 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। आरोपी बीरबल साहू,सावित्री साहू एवं पोषण साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ मेमोरण्डम कथन पर जमीन खसरा नंबर 8,9 को अपने हक का नहीं जानते हुये भी लाभ पाने के उद्देश्य से नाम सुधार कराने की योजना बनाकर तहसील कार्यालय मगरलोड में आवेदन कर नाम सुकलाल उर्फ शोभित पिता मुकुंदी सुधार करवाकर धोखाधड़ी कर लाभ पाने की नीयत से पीड़ित चंद्रहास को 1900000 रूपये में बिक्री की।

बीरबल साहू द्वारा जमीन खरीदी का कुल 1545000 रूपये में से 1000000 रूपये का अमलेश्वर दुर्ग में जमीन खरीदना व 545000 रूपये का कर्ज पटाना बताकर अपना व अपनी पत्नी सावित्री का पंजाब नेशनल बैंक का पासबुक एवं आरोपिया सावित्री द्वारा अपने नाम की अमलेश्वर दुर्ग स्थित जमीन की रजिस्ट्री पत्रक एवं ऋण पुस्तिका तथा पोषण साहू द्वारा जमीन बिकी का 5000 रूपये पेश किया जिसे गवाहों के समक्ष जब्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया। पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर पुलिस ने आरोपियों को बीरबल साहू पिता शोभित राम साहू उम्र 49 वर्ष साकिन राजपुर थाना मगरलोड जिला धमतरी छग हाल पता साहू पारा भाठागांव थाना पुरानी बस्ती रायपुर (छग), श्रीमती सावित्री साहू पति बीरबल साहू उम्र 43 वर्ष साकिन राजपुर थाना मगरलोड जिला धमतरी हाल भाठागांव साहू पारा थाना पुरानी बस्ती रायपुर (छग), पोषण साहू पिता शोभित राम साहू उम्र 39 वर्ष साकिन राजपुर थाना मगरलोड जिला धमतरी (छ.ग.) न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है।

# कलेक्टर ने किया शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने शिक्षा विभाग और ओपन लिंक्स फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले के विभिन्न जिला परिषद स्कूलों के कुल 19 शिक्षकों को पोस्ट ऑफ द मंथ रचनात्मक लेखन, बोलेगा बचपन और संकुल स्तरीय सर्वश्रेष्ठ संकुल समन्वयक अन्य पुरस्कारों से सम्मानित किया किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, डीएमसी भुवन जैन, एपीसी नंदकिशोर साहू, ओपन लिंक्स फाउंडेशन के प्रोजेक्ट ऑफिसर हितेश निर्मलकर, ब्लॉक के सीएसी और अन्य शिक्षक उपस्थित थे। ओपन लिंक्स फाउंडेशन के आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के तहत जिले के नवोन्मेषी शिक्षकों को पोस्ट ऑफ द मंथ, रचनात्मक लेखन, बोलेगा बचपन पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। एफएलएन, वित्तीय साक्षरता, स्पोकन इंग्लिश और महावचन जैसे विभिन्न कौशल विकास पहलों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को भी नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रमों के दौरान सम्मानित किया जाता है। इस मौके पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि शिक्षकों द्वारा किया गया ऐसा उत्साही कार्य विद्यार्थियों के समग्र विकास में परिणाम देगा। उन्होंने सभी शिक्षकों को छात्रों के समग्र विकास के लिए समर्पित रूप से कार्य करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।





# गांव चलो, बस्ती चलो अभियान में आम जनता से रूबरू हुए भाजपाई

- विधायक को नहीं है आमदी की कोई चिंता : कविंद्र
- नगर को सुंदर और सुरक्षित बनायेंगे : ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भाजपा द्वारा इन दिनों गांव चलो बस्ती चलो अभियान चलाया जा रहा है। नगर पंचायत आमदी में प्रवास पर पहुंचे भाजपा जिला उपाध्यक्ष कविंद्र जैन ने वहां के वरिष्ठ शिव प्रसाद साहू के निवास पहुंचकर उनका कुशलक्षेम पूछा। सामाजिक प्रमुखों के घर जाकर उनसे समाज के उत्थान के लिए चल रही सरकार की योजनाओं की चर्चा की। युवाओं और विद्यार्थियों से नई शिक्षा नीति, नए पाठ्यक्रमों, रोजगार के अवसर तथा स्टार्टअप्स पर बातचीत की। इस दौरान शीतला मंदिर जाकर माता का आशीर्वाद भी लिया। श्री जैन ने कार्यकर्ताओं के साथ पशु चिकित्सालय तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दौरा किया। बस्ती में लोगों के बीच चौपाल लगाकर उनकी समस्याएं जानी। गांव में स्वास्थ्य सुविधाएं, एंबुलेंस की अनुपलब्धता, नशे की समस्या, सुरक्षा संबंधी इंतजामों की खामियों सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिकारियों से बात की और जल्द ही समस्याओं के निदान का भरोसा दिलाया। श्री जैन ने आश्चर्य व्यक्त किया कि आमदी विधायक ओंकार साहू का गृह निवास होते हुए छोटी छोटी समस्याओं के प्रति उदासीन है। उन्हें आमदी की समस्याओं की कोई चिंता नहीं है। नगर पंचायत ज्योति साहू ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के साथ मिलकर आमदी नगर को सुंदर और सुरक्षित बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। इस दौरान नपं उपाध्यक्ष कोमल यादव, सभापतिगण उमानंद कुंभकार, सुनीता साहू, जागेश्वर नेताम, सरिता साहू, किरण साहू, पार्षद नारायण मटियारा, तरुण कुमार साहू, कृपाल साहू, कार्तिकराम साहू, मितेश साहू, कमल साहू, रेवत साहू, शिवप्रसाद साहू, रामजी धीवर, उपासना धीवर, तुषार धीवर सम्मिलित हुए।



# जैन धर्म में दीक्षा मोक्ष प्राप्त करने की अनमोल परंपरा : ओंकार




- विधायक ने जैन स्थानक भवन में मुमुक्ष लीलमचंद का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जैन भागवती दीक्षार्थी अभिनंदन समारोह जैन स्थानक भवन में रखा गया। शुभारंभ वरघोड़ा यात्रा व मंगल गीतों के साथ हुआ। शहर से जैन समाज के मुमुक्ष लीलमचंद सुराना सांसारिक सुखों का त्याग कर संयम जीवन को अपनाने वैराग्य के पथ पर दीक्षा ग्रहण करने जा रहे हैं जिसके बाद वे मोक्ष प्राप्ति के लिये आगे बढ़ेंगे। विधायक ओंकार साहू स्थानक भवन पहुंचकर श्री सुराना को शाल भेंटकर व तिलक लगाकर उनका अभिनन्दन किया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिये मानव जीवन में अध्यात्म को प्रदर्शित कर उनका महत्व बताने का प्रयास किया। मौके पर ओंकार साहू ने कहा कि दीक्षा जैन धर्म में मोक्ष प्राप्त करने की एक अनमोल परंपरा है जिसमें दीक्षार्थी सांसारिक मोह-माया के बंधन से मुक्त होकर आचार्य के चरणों में रहकर आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करते हैं जिससे जीवन में आत्मशुद्धि बनी रहती है। अभिनंदन समारोह के दौरान शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आकाश गोलछा, रमन लोढ़ा, रतनचंद सांखला, मदनलाल चौरड़िया, दीपक बाफना, राजेश सांखला, गौतम कोटड़िया, नवीन सांखला, लक्की जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग शामिल रहे।

# कलेक्ट्रेट रोड में प्याऊ घर का हुआ शुभारंभ




- पहले दिन रुद्री और सर्वोदय स्कूल के स्काउट गाइड के बच्चों ने दी सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट रोड में प्याऊ घर का शुभारंभ जिला आयुक्त चेतन हिंदुजा, स्थानीय संघ चेयरमेन विजय साहू, स्थानीय संघ अध्यक्ष नेतूराम यादव, पूर्व अध्यक्ष डीपेंद्र साहू, जिला संघ उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू, गजानन साहू, यशोदा सोनकर, श्रीमती डोलेश्वरी साहू, अनीता यादव, ईश्वरी नेताम, शिव नेताम, नरेंद्र निर्मलकर, गाइड कैप्टन ललिता साहू, रोवर कुणाल खरे एवं अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हुआ।

इस अवसर पर डीपेंद्र साहू ने बताया कि स्काउट गाइड द्वारा विगत 10 वर्षों से प्याऊ घर का संचालन कर बच्चों में सेवाभाव जागृत किया जा रहा है। जल संरक्षण का महत्व बताया जा रहा है। विजय साहू ने चरित्र निर्माण में स्काउट गाइड की भूमिका को बताया।

स्थानीय संघ अध्यक्ष नाथूराम यादव ने कहा कि स्काउट गाइड सेवा करने का एक मंच है। जिला आयुक्त चेतन हिंदुजा ने स्वयं झाड़ू लगाकर सफाई कार्य को चरितार्थ किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में स्काउट गाइड संस्था से अधिक से अधिक लोगों को जुड़ने के लिए प्रेरित किया। पहले दिन प्याऊ घर में रुद्री और सर्वोदय स्कूल के स्काउट गाइड के बच्चों ने अपनी सेवा दी। कार्यक्रम का संचालन मोहित राम बनपेला स्थानीय संघ सचिव एवं आभार व्यक्त सोहनलाल साहू स्थानीय संघ कोषाध्यक्ष ने किया।

# आंगनबाड़ी केंद्र 10 में पोषण पखवाड़ा मनाया



- गर्मी में गर्भवती महिलाओं को विशेष सावधानी बरतने कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 10 में पोषण पखवाड़ा मनाया गया । केन्द्र में पोषण के पांच सूत्र सुनहरे 1000 दिवस, पौष्टिक आहार, एनीमिया प्रबंधन एवं स्वच्छता पर चर्चा हुई । आंगनबाड़ी में गर्भवती माताओं की गोदभराई एवं 6 माह पूर्ण बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, वार्ड पार्षद अश्वनी निषाद, अंबिका मरकाम, मितानिन द्रौपती निषाद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीता साहू, यामिनी नाग, ललिता गौर, सहायिका शशिप्रभा ठाकुर, समूह की महिलाएं कुन्ती, सुमन लता, रेणुका, प्रभा, बिंदु, उषा, जहेदा बाई, पूर्णिमा, डिकेश्वरी, सुनीता, कुमारी बाई, मधु सहित बड़ी संख्या में गर्भवती एवं शिशुवती माताएं व बच्चे उपस्थित थे। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों ने शासन व्दारा सुपोषण, स्वास्थ्य सहित माताओं के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### युवाओं से छल कर रही साय सरकार : धर्मेंद्र



**धमतरी।** एनएसयूआई के धमतरी ग्रामीण उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल ने कहा कि अब साय सरकार छत्तीसगढ़ के प्रतियोगी परीक्षाओं में अभ्यर्थियों से परीक्षा शुल्क लेने जा रही है। साय सरकार ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के परीक्षा शुल्क में माफ के फैसले को पलट दिया है। ऐसे में आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थियों के साथ धोखा हो रहा है। फैसले में कहा गया है कि ऐसे अभ्यर्थी जो छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल एवं विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड, सरगुजा बस्तर बिलासपुर द्वारा आयोजित परीक्षाओं में शामिल होंगे, उन्हें अब परीक्षा शुल्क देना होगा और जो अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होगा उन्हीं का शुल्क वापस किया जायेगा। ऐसे में आर्थिक रूप से कमजोर अभ्यर्थी प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने से वंचित रह जायेंगे।

### स्वास्थ्य कर्मियों ने सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपा

**धमतरी।** स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिला अध्यक्ष संजय कुमार नारंग के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि 10 दिन के भीतर यदि संघ की मांगों पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा किसी भी प्रकार कार्रवाई नहीं की गई तो संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा। मौके पर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एसआर टंडन, प्रदेश सचिव मनोज वाधवानी, संभागीय पदाधिकारी प्रमोद जिचकर, जिला उपाध्यक्ष एनके कश्यप, जिला कोषाध्यक्ष सुशील गायकवाड़, आरएचओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ईश्वर लाल साहू, रेडियोग्राफर प्रकोष्ठ जिला संयोजक संतराम साहू, मगरलोड ब्लॉक अध्यक दिनेश ठाकुर, धमतरी ब्लॉक अध्यक वेदव्यास साहू, कार्यकारी अध्यक्ष ओमप्रकाश निर्मलकर, एके साहू, जिला अस्पताल इकाई से श्रीमती सोनिया पॉल, श्रीमती करिश्मा तुरिया, इशु मानिकपुरी , खिलेंद्र साहू, ओम चंद्राकर उपस्थित थे।

### रूद्री स्कूल अब नवीन अध्ययन केन्द्र

**धमतरी।** राज्य ओपन स्कूल रायपुर द्वारा कक्षा दसवीं और बारहवीं की ओपन परीक्षा संचालित करने के लिए आवेदन फॉर्म अग्रेषण हेतु शिवसिंह वर्मा आदर्श शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी को अध्ययन केन्द्र बनाया गया था। इसके स्थान पर अब शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूद्री को नवीन अध्ययन केन्द्र बनाया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूद्री को निर्देशित किया है कि वे पूर्व अध्ययन केन्द्र शिवसिंह वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी से केन्द्र के सभी दस्तावेज प्राप्त कर लें। साथ ही छात्रहित को ध्यान में रखते हुए राज्य ओपन स्कूल रायपुर द्वारा माह अगस्त-सितम्बर परीक्षा 2025 के लिए अधिक से अधिक संख्या में ओपन स्कूल के प्रवेश आवेदन फॉर्म जमा करना सुनिश्चित करें।

### प्रभु यीशु की सात वाणी का किया गया वाचन

# चर्च में गुड फ्राईडे पर हुई विशेष आराधना







हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गुड फ्राईडे पर शुक्रवार को मसीही समाज ने सुंदरगंज चर्च में विशेष आराधना की। मुख्य वक्ता दिल्ली से आये पास्टर अल्फंसो लॉरेंस ने अपने संदेश में कहा कि परमेश्वर अपने पुत्र यीशु को जगत में भेजा ताकि वह पाप के बंधन में पड़े मानव समाज के दंड को अपने ऊपर ले सकें। वे जगत में आये और क्षमा, प्रेम, बंधुत्व और असहायों की सेवा की, शिक्षा दी और मानव जाति के लिए क्रूस में अपने प्राण का बलिदान कर दिया। आराधना में यीशु की सात वाणी का वाचन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में आराधना की पुकार, आरंभिक प्रार्थना गीत हुआ। कलीसियाई प्रार्थना सेवक किरण जानसन, पहली वाणी शास्त्र पाठ योगेश लाल द्वारा किया गया। इसके बाद पास्टर अल्फंसों ने संदेश सुनाया। राकेश सालोमन द्वारा दूसरी वाणी शास्त्र पाठ किया गया। तीसरी वाणी शास्त्र पाठ श्रीमती सपना पाल, चौथी वाणी शास्त्र पाठ राजेश मसीह, पांचवीं वाणी शास्त्र पाठ प्रणय तिवारी, छठवीं वाणी शास्त्र पाठ श्रीमती संगीता नाथ, सातवीं वाणी शास्त्र पाठ डॉ. विनेश मयंक विक्टर द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेवक अनिल राघवा ने किया। भेंट अर्पण की प्रार्थना सेवक एस सिंह क्रिस्टी ने किी। अंतिम प्रार्थना एवं आशीष वचन रेव्ह. दीपक मसीह ने दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आशीष मिलाप, दीपक मसीह, अनिल राघवा, एलसी क्रिस्टी, किरण जानसन, थेलमा महतो, अर्चना नेताम, शैलजा सोनवानी, डॉ. नीरज नेताम, स्वप्निल सोनवानी, राकेश सालोमन, योगेश लाल, प्रणय तिवारी, प्रणय लाल, मितेश बेथे, राजेश मसीह, डॉ. विनेश, सपना पाल, संगीता नाथ, सरिता असाई, मार्विन चरण, कल्याण मसीह, वालेश चरण, अमित बाघमरिया, डॉ. आशुतोष मसीह, अमन मिंज, आशीष चौहान, शितु राव, हितेश लाल, राहुल मसीह, जैकलिन मसीह, शैलजा क्रिस्टी, शालिनी बंशी, सविता विलियम, सविता क्रिस्टी, विर्सिका लुईस, विन्नी सपाटे, मोना सपाटे मौजूद थे।



# सुशासन के सपने को भाजपा ने हकीकत में बदलकर दिखाया

### गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पोटियाडीह पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

भाजपा द्वारा 6 अप्रैल से 25 अप्रैल तक गांव चलो बस्ती चलो अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत भाजपा कोषाध्यक्ष चेतन हिंदूजा ग्राम पोटियाडीह पहुंचे। गांव में चौपाल लगाकर शासन की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की। लाभार्थियों से भेंटकर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के तैलचित्र में दीप प्रज्ज्वलन किया। श्री हिन्दूजा ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ उठाने की अपील की।

श्री हिन्दूजा ने आगे कहा कि यूपीए सरकार के कुशासन, अराजकता और भ्रष्टाचार से मुक्ति पाने के लिए देश की जनता ने एनडीए को चुना था। उस समय सुशासन केवल एक सपना था, लेकिन भाजपा नीत एनडीए ने इसे हकीकत में बदलकर दिखाया। आज सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के चलते देश विकास के पथ पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। वहीं मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए छत्तीसगढ़ में सुशासन लाने का काम विष्णुदेव साय की सरकार ने किया है। ग्रामीण महिलाओं ने अपना फीडबैक देते हुए कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी और सीएम विष्णुदेव साय महिलाओं के प्रति हमेशा चिंतित और सजग रहते हैं। मौके पर खोरबाहरा राम, रामस्वरूप पटेल, प्रीत निर्मलकर, अनिल तिवारी पूर्व जनपद सदस्य, सीताराम ध्रुव पूर्व सरपंच, विजय देवांगन ग्राम पटेल, बसंत साहू, जितेंद्र यादव संयोजक, देवेंद्र पटेल, बुढ़ान ध्रुव, शिवनंदन साहू, देवनन्दन पटेल, जगेंद्र, संयोजक यूनिक साहू सहित अन्य उपस्थित थे।



# सिवनीखुर्द में चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

फोटो 18-सिवनीखुर्द चौपाल

गांव चलो, घर-घर चलो अभियान के तहत सिवनी खुर्द में चौपाल लगाई गई। भाजपाइयों ने ग्रामीणों की समस्याएं जानी। केंद्र और राज्य की योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता सेतुराम प्रजापति के पुत्र के विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए और उन्हें आशीर्वाद दिया। मौके पर अभियान के प्रभारी दयाराम साहू, मंडल अध्यक्ष मिश्री पटेल, सरपंच योगेश साहू, सेतु प्रजापति, चन्दूलाल साहू, हिच्छा साहू, चेतन धुव्र, जनकराम साहू, रेवाराम प्रजापति, श्रवण विश्वकर्मा, ऋषिराम साहू, हुमन साहू, जगत राम धुव्र उपस्थित थे।

# ममता सरकार का पुतला फूंका

### राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

हिंदू जागरण मंच ने सर्व समाज को लेकर दोपहर 1 बजे गांधी मैदान में ममता सरकार का पुतला दहन किया। विरोध प्रदर्शन करते हुए ममता सरकार को हटाकर हिंदुओं की रक्षा के लिए पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति , प्रधानमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

हिन्दू जागरण मंच युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर, जिला संयोजक पुरूषोतम निषाद, सहसंयोजक ढाकेश्वर साहू ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लोगों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा है। हिंदुओं को जानवरों की तरह पीटा जा रहा है। हिंदू मठ, मंदिर तोड़े और लूटे जा रहे हैं।

धरना- प्रदर्शन के दौरान प्रतीक सोनी, चित्रेश साहू, नगर संयोजक अमित सोना, आयुष पात्र, कमल नारायण साहू, रूपेश साहू, हरिशंकर शांडिल्य, रंजीत, अविनाश दुबे, हरि साहू, अमरदीप महाजन, ऋतिक, जगत, एसके पाण्डेय, तुषार साहू, गौरव साहू, रंजीत साहू समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 100 बिस्तर वाला मातृत्व-शिशु अस्पताल व 40 बेड वाले नेत्र अस्पताल की मिली मंजूरी

- विधायक ओंकार साहू स्वयं जमीन की तलाश में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



विधायक ओंकार साहू जब से धमतरी विधानसभा क्षेत्र की कमान सम्हाली है तबसे अपने कुशल नेतृत्व से धमतरी के विकास के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट को मंजूरी दिलाई है। इनमें 100 बिस्तर वाला मातृत्व-शिशु अस्पताल और 40 बिस्तर वाला नेत्र अस्पताल जैसे प्रोजेक्ट भी शामिल हैं, लेकिन जमीन की तलाश में विभागों के बीच आपसी तालमेल की कमी सामने आ रही थी जिसे ध्यान में रखकर विधायक ओंकार साहू ने स्वयं क्षेत्र का दौरा कर आमदी रोड ग्राम भानपुरी में अस्पताल भवन हेतु पर्याप्त भूमि की उपलब्धता की जानकारी लेकर सरपंच एवं ग्रामीणों से पंचायत की जमीन पर अस्पताल बनवाने हेतु राय ली। सरपंच सहित ग्रामीणों ने बैठक कर उक्त भूमि में अस्पताल भवन निर्माण के लिए विधायक को सहमति पत्र सौंपा। इसके बाद विधायक ओंकार साहू ने तत्काल अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को उक्त भूमि का निरीक्षण कर भूमि अधिग्रहण संबंधी कार्रवाई करने निर्देशित किया।

# स्कॉलर बैज सेरेमनी में प्रतिभावान छात्र हुए सम्मानित

- देहली पब्लिक स्कूल में इस वर्ष 47 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी






देहली पब्लिक स्कूल में स्कॉलर बैज सेरेमनी का आयोजन हुआ। समारोह का उद्देश्य शैक्षणिक सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करना था। मुख्य अतिथि विद्यालय के निर्देशक धीरज अग्रवाल, निर्देशिका श्रीमती निधि अग्रवाल तथा विद्यालय के प्रशासक शैलेश बाजपेयी थे। प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय के 47 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जो न केवल विद्यालय के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने घोषणा की कि जो विद्यार्थी लगातार तीन वर्षों तक स्कॉलर बैच प्राप्त करेंगे, उन्हें विशेष रंग के ब्लेजर और अतिरिक्त सम्मान प्रदान किया जाएगा। निर्देशक धीरज अग्रवाल ने कहा कि छात्रों की यह उपलब्धि न केवल उनके लिए बल्कि स्कूल और अभिभावकों के लिए भी गर्व का विषय है। हमें उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में और भी विद्यार्थी इस मंच पर सम्मानित होंगे।

निर्देशिका श्रीमती निधि अग्रवाल ने विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रशासक शैलेश बाजपेयी ने विद्यार्थियों को नियमित उपस्थिति, समय प्रबंधन और स्व-अनुशासन के महत्त्व पर बल दिया।

समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को स्कॉलर बैज पहनाकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन वृद्धि शर्मा और भवि जैन ने किया। विद्यालय के समन्वयक रोहित शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं।



# सोने की कीमत रिकार्ड स्तर पर, लोगों के उड़े होश

- कीमत प्रतिदिन 1 हजार रूपए बढ़ रही है : ललित बरड़िया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सोने की कीमत में रिकार्ड तोड़ तेजी का सिलसिला लगातार जारी है। शादी सीजन होने के कारण सोने-चांदी के आभूषणों का उठाव बढ़ गया है। ऐसे में रेट बढ़ने से लोगों को एक्स्ट्रा पैसा खर्च करना पड़ रहा है।

किरण ज्वेलर्स के संचालक ललित बरड़िया ने बताया कि शुक्रवार को 916 प्रतिशत 24 कैरेट गोल्ड 87950 रूपए प्रति दस ग्राम, 833 प्रतिशत 22 कैरेट गोल्ड 80300 रूपए तथा 750 प्रतिशत गोल्ड 18 कैरेट 72700 रूपए प्रति दस ग्राम के भाव पर बिका। उनका कहना है कि प्रतिदिन 1000 रूपए का भाव बढ़ रहा है जो उच्चतम रेट में है। निकट भविष्य में रेट कम होने का चांस नहीं है। वर्तमान में गोल्ड में इनवेस्ट करना लाभदायक है। चांदी का भाव भी प्रतिदिन बढ़ रहा है। 880 से बढ़कर प्रति ग्राम 1000 रूपए को छू रहा है।

ज्वेलर्स व्यापारी ज्ञानचंद लुनावत, स्वरूपचंद छाजेड़ ने बताया कि माहभर के अंदर सोना 10 हजार रूपए तोला बढ़ गया है जो बढ़ते क्रम पर है। उनका कहना है कि बढ़ते व्यापार और विश्व में युद्ध तथा वैश्विक अस्थिरता के चलते सोने का रेट बढ़ रहा है।

# अपने खर्च से राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार कर रहे

- पारंपरिक एवं देशी खेलों को बढ़ावा देने क्रीड़ा भारती गांवों में युवाओं को दे रही ट्रेनिंग

**धमतरी।** शहर क्रीड़ा भारती का गठन पारंपरिक एवं देशी खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। पंजीकृत संस्था होने की वजह से इनके द्वारा अभी तक दर्जनों खेल स्पर्धा का आयोजन किया जा चुका है। क्रीड़ा भारती शहर के युवाओं को देशी खेलों के प्रति प्रेरित कर रही है। शहर के आसपास के 50 गांवों में पहुंचकर संस्था के सदस्य युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित कर रहे हैं। जहां से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हो रहे हैं। क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण साहू पहलवान, ननकू महाराज, सत्यवान, रामकुमार साहू, ईश्वर पटेल, श्यामा साहू, विजय यादव ने बताया कि पिछले एक साल से शहर के आसपास के गांवों का सुबह दौरा कर गांवों के युवाओं को संगठित किया जा रहा है। संगठन बनाकर कुश्ती, अखाड़ा, दौड़, लाठी, पट्टा, कबड्डी, खो-खो, रिलेरेस, दंड बैठक आदि की ट्रेनिंग दी जा रहा है ताकि वे जिला, राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग ले सके। लक्ष्मण पहवान ने बताया कि अब हर सुबह गांव का दौरा उनका रूटिन बन गया है। अपने खर्च से वे युवाओं को संसाधन दे रहे हैं। खेलों के प्रति युवाओं में रूचि पैदा रहे हैं।

# कलेक्टर ने शिक्षकों के प्रयास को सराहा



- रिसर्च मड़ई में शिक्षकों एवं प्रधानपाठकों ने अपने स्कूलों में किए नवाचारों को प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

शिक्षकों की अकादमिक चर्चा के लिए डाईट, समग्र शिक्षा एवं अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रिसर्च मड़ई का आयोजन अज़ीम प्रेमजी फ़ाउंडेशन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों द्वारा अपने विद्यालयों में किए गए नवाचारी एवं शोधपरक कार्यों को साझा करने हेतु एक मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने शिक्षकों के प्रयासों को सराहा। कहा कि इस प्रकार के नवाचारी प्रयोग बच्चों के समग्र विकास एवं गुणवत्तापूर्ण अधिगम की दिशा में उपयोगी हैं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अपने विद्यार्थी जीवन के कुछ अनुभवो को साझा किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में जिले के 78 शिक्षक एवं प्रधानपाठकों ने सहभागिता की। इस अवसर पर 14 शिक्षकों एवं प्रधानपाठकों ने अपने विद्यालयों में किए गए व्यवस्थित प्रयासों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) नगरी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी धमतरी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एवं डाइट के व्याख्याता उपस्थित थे।







